समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# जयपुर मे फिल्म 'कृष्णावतारम' की विशेष स्क्रीनिंग : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बोलीं- भगवान श्रीकृष्ण का जीवन नई पीढ़ी और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत

राजेश चौधरी

Published on 10 Jun 2026



राजस्थान की उप मुख्यमंत्री **दिया कुमारी** ने जयपुर में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित फिल्म '**कृष्णावतारम**' की विशेष स्क्रीनिंग में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, फिल्म की अभिनेत्री **संस्कृति जयाना**, अभिनेता **सिद्धार्थ गुप्ता** तथा फिल्म की पूरी टीम की उपस्थिति में फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

फिल्म देखने के बाद उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्तव्य, नेतृत्व और मानव मूल्यों की अद्भुत मिसाल है। उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणाएं आज भी समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

दिया कुमारी ने अभिनेत्री संस्कृति जयाना के अभिनय की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सशक्त, प्रभावशाली और भावपूर्ण अभिनय से अपने पात्र को जीवंत बना दिया है। उनकी प्रतिभा, समर्पण और अभिव्यक्ति ने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी है, जिससे फिल्म का प्रभाव और अधिक बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि फिल्म की पूरी टीम ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का सराहनीय प्रयास किया है। यह प्रस्तुति दर्शकों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और जीवन दर्शन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि कला एवं सिनेमा के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक संदेश देने वाले ऐसे प्रयास सदैव प्रोत्साहित किए जाने चाहिए।

कार्यक्रम में जयपुर सांसद **मंजू शर्मा**, जयपुर जिला प्रमुख **राम चोपड़ा**, भाजपा जिला अध्यक्ष **अमित गोयल**, आदर्श नगर विधानसभा प्रत्याशी **रवि नैय्यर**, किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी **चंद्र मनोहर बटवाड़ा**, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा

विभिन्न सामाजिक एवं औद्योगिक संगठनों से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

दिया कुमारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और शिक्षाएं आज भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं तथा ऐसी प्रेरणादायी फिल्मों के माध्यम से इन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.